

**जन्मदिन मुबारक लिएंडर पेसः सरकार से मिले ये सम्मान**

साल 1996–97 में उन्हें भारत का सबसे बड़ा खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया था। इसके बाद अर्जुन अवॉर्ड (1990), पद्म श्री (2001) और पद्म भूषण (2004) सम्मान मिला था। पेस ने पुरुष डबल्स में कुल 8 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। उन्होंने एक ऑस्ट्रेलियन ओपन, 3 फ्रेंच ओपन, 1 विंबलडन, 3 यूएस ओपन के खिताब जीते हैं।

## भारत का टेनिस सितारा, जिसने ओलिंपिक में भी लहराया परचम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारत में टेनिस को पहचान दिलाने में लिएंडर पेस का बड़ा योगदान है। भारत की ओर से उन्होंने 8 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। ये सभी डबल्स खिताब हैं। पेस ने अटलांटा ओलिंपिक में पदक जीतकर इतिहास रच दिया था। वह आज भी ऐक्टिव हैं। हालांकि उन्होंने अब संन्यास की घोषणा कर दी है। भारत का टेनिस सितारा, जिसने ओलिंपिक में भी लहराया परचमभारत के सबसे कामयाब टेनिस खिलाड़ियों में शामिल लिएंडर पेस का आज जन्मदिन है। आज ही के दिन 1973 में उनका कोलकाता का जन्म हुआ था।

**डेविस कप के सबसे कामयाबः** 2019 में वह डेविस कप के इतिहास के सबसे कामयाब खिलाड़ी बने। उन्होंने 43वां मैच जीतकर इटली के निकोला पीत्रान्गेली के रेकॉर्ड को तोड़ा था।

**ओलिंपिक में मेडलः** पेस ने 1996 अटलांटा ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वह ओलिंपिक में टेनिस में मेडल जीतने वाले इकलौते भारतीय हैं।

**डबल्स के बेस्ट खिलाड़ियों में शामिलः** डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के दुनिया के बेस्ट खिलाड़ियों में हैं शामिल। उन्होंने महेश भूपति, मार्टिन हिंगिस और मार्टिन नवरातिलोवा के साथ मिलकर ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

# सैनिकों से ज्यादा निस्वार्थी और साहसी कोई नहीं होता

## गलवान घाटी में 20 सैनिक शहीद, विराट ने दी श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन सीमा–विवाद को लेकर आमने–सामने हैं। इस बीच दोनों देशों की सेनाओं में खूनी सोमवार–मंगलवार की रात खूनी झड़प हो गई, जिसमें भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए। चीन की इस नापाक हरकत से भारतीय खेल जगत में भी काफी नाराजगी और गुस्सा है। साथ ही इस खूनी संघर्ष में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी। इस पर टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विराट ने कहा कि सैनिकों से ज्यादा निस्वार्थी और साहसी कोई नहीं होता।

विराट कोहली ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, गलवान घाटी में हमारे देश की रक्षा करते हुए जिन्होंने





अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया उन सैनिकों को मैं पूरे सम्मान के साथ सलाम करता हूं। सैनिक से ज्यादा निस्वार्थी और साहसी कोई नहीं है। उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट करता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि इस मुश्किल घड़ी में हमारी प्रार्थनाओं से उन्हें शांति मिलेगी।

बता दें चीन के सैनिकों ने धोखेबाजी से हमारे निहत्थे सैनिकों पर पत्थरों और लोहे की रॉड से अचानक हमला बोल दिया। इस हमले में भारतीय सेना के ऑफिसर संतोष बाबू समेत कुल 20 सैनिक शहीद हो गए। संतोष बाबू के नेतृत्व में भारतीय जवान पीपी–14 पहुंचे थे, जहां से बातचीत के मुताबिक चीनी सैनिकों को पीछे हटना था। पहले वहां 10–12 चीनी सैनिक थे। लेकिन अचानक बहुत से सैनिक आए और उन्होंने हमला बोल दिया।

### गलवान घाटी पर सीएसके डॉक्टर का विवादित ट्वीट, सस्पेंड

नई दिल्ली। चेन्नै सुपरकिंग्स ने पूर्वी लद्दाख के गलवान में चीनी सैनिकों के साथ झड़प में 20 भारतीय जवानों के शहीद होने पर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए टीम डॉक्टर मधु थोटापिल्लिल को बुधवार को निलंबित कर दिया। आईपीएल फ्रैंचाइजी ने इसे दुर्भावनापूर्ण करार दिया। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी हैं, जो प्रादेशिक सेना में मानद लेफ्टिनेंट रैंक पर हैं। सीएसके ने अपने आधिकारिक ट्विटर पेज पर इस निलंबन की घोषणा की।


बताया जा रहा है कि भारतीय सैनिकों ने भी हमले का करारा जवाब दिया है और चीनी सेना को भी काफी नुकसान हुआ है। उसके 40 से ज्यादा सैनिक इस झड़प में हताहत हुए हैं। इतना ही नहीं ढेर होने वालों में उनकी सेना का कमांडिंग अफसर भी शामिल है।

# मेसी ने फिर दागा गोल बार्सिलोना की एक और जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मैड्रिड। बार्सिलोना ने 99 हजार क्षमता वाले कैंप नोउ स्टेडियम में दर्शकों के बिना खेले गए पहले मैच में अपने स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी के गोल की मदद से लेगानेस को 2–0 से हराकर स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

बार्सिलोना ने धीमी शुरुआत की लेकिन अन्सु फाती ने 42वें मिनट में गोल करके उसे बढ़त दिला दी। इसके बाद मेसी ने 69वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया जो वर्तमान सत्र में लीग में उनका 21वां गोल है। इससे मेसी के करियर की कुल गोल की संख्या 699 पर पहुंच गई है। इनमें से 629 गोल उन्होंने बार्सिलोना की तरफ से किए हैं।



बार्सिलोना ने इस जीत से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड पर पांच अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 29 मैचों में 64 अंक जबकि रीयाल के 28 मैचों में 59 अंक हैं। रीयाल अपना अगला मैच गुरुवार को वेलेंसिया के खिलाफ खेलेगा। मेसी ने इससे पहले ला लिगा के फिर से शुरू होने पर मालोर्का के खिलाफ बार्सिलोना की 4–0 से जीत में भी गोल किया था।

कोरोना वायरस महामारी के कारण ला लिगा मार्च से ठप्प पड़ी थी। बार्सिलोना के लिए यह पिछले तीन साल में दूसरा अवसर है जबकि उसने कैंप नोउ में दर्शकों के बिना मैच खेला। उसने इससे पहले दर्शकों के बिना घरेलू मैच अक्टूबर 2017 में खेला था। तब कैटालोनिया आंदोलन के कारण दर्शकों को स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं दी गई थी। इस बार कोरोना वायरस महामारी के कारण बार्सिलोना को कैंप नोउ से दर्शकों को दूर रखना पड़ा।

बार्सिलोना अपना अगला मैच शुक्रवार को तीसरे स्थान पर काबिज सेविला से खेलेगा। मंगलवार को खेले गये अन्य मैचों में पांचवें स्थान पर चल रहे गेटेफ ने एस्पिनयोल से गोलरहित ड्रा खेला जबकि सातवें स्थान के विल्लारीयल ने मालोर्का को 1–0 से हराया। एस्पिनयोल और मालोर्का दोनों पर दूसरी डिवीजन में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है।

## जेसन होल्डर बोले, जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड के एक अन्य खिलाड़ी की ही तरह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान जेसन होल्डर ने कहा है कि उनकी टीम आठ जुलाई से साउथैम्पटन में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में पेसर जोफ्रा आर्चर को इंग्लैंड के एक अन्य खिलाड़ी की तरह ही देखेगी। बारबाडोस में जन्मे आर्चर ने 2018 में इंग्लैंड की तरफ से खेलने की अर्हता हासिल की थी। वह 2014 में वेस्टइंडीज की तरफ से अंडर–19 टीम में खेल चुके हैं।

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने रविवार को आर्चर को आगाह किया था कि सीरीज के दौरान उनके साथ दोस्ती जैसी कोई चीज नहीं होगी। होल्डर ने भी इसी तरह की बात की और कहा कि तीन मैचों की सीरीज शुरू होने के साथ ही आर्चर के साथ दोस्ती पीछे छूट जाएगी। होल्डर ने 'गुड मॉर्निंग ब्रिटेन' कार्यक्रम में कहा, 'आर्चर अब इंग्लैंड के खिलाड़ी हैं। केमार रोच ने कल इंटरव्यू में भी यही बात कही थी। मैदान से बाहर हम दोस्त हैं लेकिन जब हम मैदान पर आते हैं तो वह हमारे लिए इंग्लैंड के एक अन्य खिलाड़ी हैं। मुझे विश्वास है कि वह भी हमें परेशानी में डालने के लिए तैयार होंगे।'

## न्यूज डायरी



### ईपीएल रिस्टार्ट शेड्यूलः कब और कहां देखें इंग्लिश प्रीमियर लीग के मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लिश प्रीमियर लीग बुधवार (17 जून) से एक बार फिर शुरू हो रही है। कोविड– 19 वायरस के कारण इस लीग को बीच में स्थगित करना पड़ा था। अब इसे बिना दर्शकों के एक बार फिर शुरू किया जा रहा है। इस घातक वायरस के चलते यह लीग 100 दिन के बाद फिर से शुरू हो रही है। लिवरपूल के लिए यह सुनहरा मौका है कि 1990 के बाद वह फिर से इस खिताब पर कब्जा जमाए। अगर ऐसा होता है तो पूरे 30 साल बाद उसे इस लीग का खिताब हासिल होगा।

### इंग्लिश क्रिकेटर का खुलासा, मुझे बाउंसर से घायल करना चाहते हैं अर्जुन तेंडुलकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर को आपने मैदान पर कभी गुस्सा करते नहीं देखा होगा। पूरी दुनिया में उनके खेल के साथ–साथ उनकी शालीनता की भी तारीफ होती है। लेकिन उनके बेटे अर्जुन तेंडुलकर को गुस्सा आता है। आखिर आए भी क्यों न अर्जुन एक फास्ट बोलर हैं और गुस्सा तेज गेंदबाजों के स्वभाव में होता है। इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की ओपनिंग बल्लेबाज डेनियल वेट ने बताया कि अर्जुन उन्हें सिर पर बाउंसर मारने की चेतावनी दे चुके हैं। डेनियल वेट हाल ही में क्रिकेट न्यूज वेबसाइट क्रिकेट.कॉम से बात कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने अर्जुन की फास्ट बोलिंग पर भी बात की। वेट ने बताया कि अर्जुन को दिन पर दिन खेलना अब मुश्किल होता जा रहा है। उनकी गेंदबाजी में लगातार स्पीड का इजाफा हो रहा है। वेट ने बताया, सचिन और उनका परिवार जब भी इंग्लैंड में आता है और अर्जुन लॉर्ड्स पर प्रैक्टिस के लिए आते हैं तो मैं उनसे नेट में मुझे बोलिंग करने को कहती हूं। वह हमेशा कहते हैं कि मैं आपको बाउंसर फेंकूंगा और आपके सिर पर मारूंगा। तो अब मैं नहीं चाहती हूं कि वह मुझे और गेंदबाजी करें। अब उनका सामना करना खतरनाक होता जा रहा है।

### हॉकी इंडिया ने कोच रजिस्ट्रेशन के लिए खुली आवेदन प्रणाली शुरू की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने देश भर के कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए खुली आवेदन और पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। हॉकी इंडिया की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, इसके लिए कोच या तकनीकी अधिकारी के रूप में अपनी संबंधित हॉकी इंडिया सदस्य इकाई में पंजीकरण करवाने के इच्छुक उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। उम्मीदवार द्वारा आवेदन जमा करने के बाद, उसे संबंधित हॉकी इंडिया पंजीकृत सदस्य इकाई के अनुमोदन की आवश्यकता होगी। एक बार जब हॉकी इंडिया के सदस्य इकाई आवेदन को मंजूरी दे देते हैं, तो आवेदन को कोच या तकनीकी अधिकारी के पंजीकरण से पहले हॉकी इंडिया की अंतिम स्वीकृति की आवश्यकता होगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने कहा, 'कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए आवेदन और पंजीकरण के खुला मंच तैयार करने का यह शानदार विचार है। इससे कोई भी हॉकी इंडिया सदस्य पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन कर पाएगा।'

### वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी चाहते हैं बेयरस्टो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की टेस्ट टीम में अपना स्थान फिर से हासिल करने को लेकर आश्वस्त हैं। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल के आखिर में न्यूजीलैंड दौरे से बाहर कर दिया गया था। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट में बल्लेबाज के तौर पर अवसर दिया गया था लेकिन वह एक और नौ रन ही बना पाए और इस बाद उन्हें श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर कर दिया गया। अभी जोस बटलर को प्राथमिकता दी जा रही है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच अगले महीने से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार बेयरस्टो ने कहा, 'मैं अभी वास्तव में अपनी विकेटकीपिंग से बहुत खुश हूं।